# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## सँयुक्त राज्य अमेरिका के सीनेटर

- संयुक्त राज्य अमेरिका की कांग्रेस में California के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले दो सीनेटरों में से एक के रूप में कार्य करते हैं।
- नए राष्ट्रीय कानून प्रस्तावित करते हैं और उनके लिए मत देते हैं।
- संघीय न्यायाधीशों, सँयुक्त राज्य अमेरिका के उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्तियों, और नागरिक और सैन्य पदों पर कई उच्च-स्तरीय राष्ट्रपति पदों के लिए नियुक्तियों की पुष्टि करने के लिए मत देते हैं।

### Kevin de León | डेमोक्रेटिक



मुझे सँयुक्त राज्य अमेरिका के सीनेट के लिए California डेमोक्रेटिक पार्टी के अनुमोदित उम्मीदवार के रूप में चुना गया है। राष्ट्रपति हमारे लोगों को विभाजित करने और California के हमारे आदर्शों को अर्थहीन बनाने पर आमादा हैं। Washington यथास्थिति को बनाए रखने के लिए अनिच्छुक है या इसमें असमर्थ है। California वासियों को एक ऐसा सीनेटर चाहिए, जो उन्माद और स्वतंत्रता के के साथ उनके भविष्य के लिए लड़े। मैं यह समझता हूँ कि अपने सपने साकार करने में प्रयासरत हमारे जैसे बहुत से अमेरिकावासियों की तरह ही आपको भी कुछ नहीं मिला है। केवल अमेरिका में ही एक आप्रवासी हाउसकीपर का बेटा, जैसे मैं हूँ, California सीनेट का नेतृत्व करने के लिए आगे बढ़ सकता है। मैंने भी आपके ही जैसे जीवन के संघर्षमय अनुभव प्राप्त किए हैं—आवास के लिए भुगतान करना, कॉलेज के खर्चे के बारे में चिंता करना और स्वास्थ्य देखभाल लागतों को कवर करना। इस संघर्ष को Washington DC के बस कुछेक नेता ही समझ सकते हैं। चूँकि करोड़पतियों ने सीनेट के दो-तिहाई हिस्से पर कब्ज़ा कर रखा है, यह समझने में कुछ मुश्किल नहीं होनी चाहिए कि रोज़मर्रा के अमेरिकावासियों के साथ उनका संपर्क कैसे छूट गया है। उनकी बयानबाजी के बावजूद भी DC के डेमोक्रेट *Medicare-for-all* और जलवायु परिवर्तन से अपने हाथ वापिस खींच रहे हैं, क्योंकि वे तेल और दवाई कंपनियों के गुटबाजों से डरते हैं। California सीनेट के अधिपति के रूप में मैंने कभी भी छोटी सोच को नहीं अपनाया। मैंने हरेक व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए बड़ी बीमा कंपनियों से संघर्ण किया थे। मैंने मध्यम-वर्ग को *Trump की कर वृद्धियों* से सुरक्षा देने; उन्नत *ट्यूशन-मुक्त कॉलेज, वेतन समानता, आप्रवासियों के अधिकार और नागरिक अधिकार उपलब्ध कराने*; और *जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध संघर्ष में* California को विश्व में अग्रणी बनाने के लिए संघर्ष किया। हमें इस देश को सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए सीनेट में साहसी नेतृत्व की ज़रूरत है, एक ऐसी अर्थव्यवस्था के साथ जो हम सभी के लिए काम करती है, सिर्फ अमीर लोगों के लिए नहीं। मैं सँयुक्त राज्य अमेरिका के सीनेट में प्रमाणित California नेतृत्व लेकर आऊँगा।

3605 Long Beach Blvd.
Ste. 426
Long Beach, CA 90807

टेलीफोनः (818) 850-6462
ई-मेल: Kevin@KevindeLeon.com
www.KevindeLeon.com
https://twitter.com/Kdeleon

### Dianne Feinstein | डेमोक्रेटिक



California के सीनेटर के रूप में मैं हरेक दिन अपने राज्य के प्रगतिशील मूल्यों के लिए एक प्रबल और प्रभावी आवाज़ बनने के लिए कड़ी मेहनत करती हूँ, और मुझे 70% डेमोक्रेटिक मतों के साथ California प्राथमिक चुनाव जीतने पर गर्व था। मैं सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल, महिलाओं के अधिकारों, एलजीबीटीक्यू अधिकारों और आप्रवासियों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली एक प्रवक्ता हूँ। हमारी सड़कों से घातक हथियारों को दूर करने के लिए मैं एनआरए से लोहा ले चुकी हूँ, मैंने महिलाओं को समान वेतन दिलाने के लिए संघर्ष किया, और स्वप्नद्रष्टाओं के संरक्षण के लिए कानून तथा सीमा पर बच्चों को अपने माता-पिता से अलग करने की क्रूर नीति को समाप्त करने का समर्थन किया। मैंने आर्थिक अवसरों का समर्थन किया है, जो सभी California वासियों को ऊपर उठा रहे हैं, खासकर मौजूदा अर्थव्यवस्था में संघर्ष करने वाले कामकाजी परिवारों को। मैं दृढ़ता से Donald Trump और उनके एजेंडा का विरोध करती हूँ, जो हमारे देश को विभाजित करता है और पूरी दुनिया-भर में हमारी संधियों को नुकसान पहुँचा रहा है। मैंने किफायती देखभाल अधिनियम (Affordable Care Act) को रद्द करने और उसमें बदलाव करने कि रिपब्लिकन कोशिशों को पराजित करने में मदद की। मैंने सीनेट न्यायपालिका समिति के एक रैंकिंग डेमोक्रेट के रूप में दृढ़तापूर्वक ट्रम्प द्वारा किए गए अतिवादी न्यायाधीशों के नामांकन का विरोध किया है। मैं कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा के लिए लड़ रही हूँ और इस वर्ष एक कानून भी पारित हुआ है, जो युवा महिला जिमनास्टों और अन्य शौकिया एथलीटों को यौन-भक्षकों से बचाता है। और मैं ट्रम्प के पर्यावरण-विरोधी अविवेकी एजेंडा को रोकना और उसका सामना करना जारी रखूँगी, जिनमें उसका जलवायु परिवर्तन को नकारना, California की संरक्षित भूमि पर हमले करना और California के समुद्र-तट के लिए नए तेल ड्रिलिंग परमिट देना शामिल हैं। मुझे राष्ट्रपति Barack Obama और सीनेटर Kamala Harris द्वारा अनुमोदन मिला है और मैं आपके मत की माँग करती हूँ ताकि मैं इन चुनौतीपूर्ण समयों में California के लिए खड़ी रह सकूँ।

P.O. Box 1270
Los Angeles, CA 90078

टेलीफोन: (866) 747-2981
ई-मेल: contact@feinsteinforca.com
www.feinsteinforca.com
Facebook.com/DianneFeinstein

उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्यों को उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराया गया था और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक वक्तव्य स्वेच्छा से जमा किया गया और इसके लिए भुगतान किया गया। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## राज्यपाल

- राज्य के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में अधिकांश राज्य विभागों और एजेंसियों का पर्यवेक्षण, और न्यायाधीशों की नियुक्ति करते हैं।
- नए कानून प्रस्तावित करते हैं, कानूनों का अनुमोदन या वीटो करते हैं, और विधान मंडल के समक्ष राज्य का वार्षिक बजट प्रस्तुत करते हैं।
- आपातकालीन स्थितियों में राज्य के संसाधनों को एकत्र और निर्देशित करते हैं।

### John H. Cox | रिपब्लिकन



मुझे राज्यपाल बनने की इस दौड़ में शामिल हो पाने की उम्मीद नहीं थी। न तो मैं राजनीतिक वर्ग का हिस्सा हूँ, न मैं अमीर हूँ, और न ही मेरे पारिवार के कोई राजनीतिक संबंध हैं। मेरा नाम John Cox है, और मुझे लगता है कि राजनैतिक वर्ग ने California में रोजगाररत लोगों के साथ जो किया है, वह एक अपराध है। उन्होंने चौसर बिछा रखी है, वे व्यापार के पक्षधर हैं और केवल खुद को अमीर बना रहे हैं, और लाखों की सँख्या में भुला दिए गए California के निवासियों को पीछे छोड़ दिया गया है। हमारे देश में गैस की कीमतें और वाहनों से संबंधित शुल्क आसमान छू रहे हैं, और साथ ही यहाँ देश में निर्धनता की दर सबसे ऊँची है। यहाँ लाखों की सँख्या में लोग अपने पसंदीदा शहरों में काम करने के लिए दूर-दूर से आते हैं, क्योंकि वे उन पसंदीदा शहरों में रहने का खर्च नहीं उठा सकते हैं। इसलिए वे खस्ता हालत की सड़कों से इन शहरों में काम करने के लिए दूर-दूर से आते हैं। वे अपने बच्चों को असफल स्कूलों में भेजते हैं। Sacramento के राजनेता हमारे घरों में पानी की राशनिंग करते हैं, और वहीं दूसरी ओर वे पानी की अथाह आपूर्ति को समुद्र में व्यर्थ बहने दे रहे हैं। हमारे मित्र और परिजन California छोड़कर जा रहे हैं - ऐसा इसलिए नहीं है कि वे यह करना चाहते हैं, बल्कि उन्हें यह करना पड़ रहा है। वहीं बहुत सारे California के निवासियों को इन दो विकल्पों के बीच चयन करना पड़ रहा है कि क्या वे काम करने के लिए गैस खरीदें, या फिर परिवार का भरण-पोषण करने के लिए किराने का सामान खरीदें। यह ऐसा चयन है जिसे हममें से किसी को भी चुनने के लिए बाध्य नहीं होना चाहिए। लेकिन एक अच्छी खबर है - हमें यह सब सहने की ज़रूरत नहीं है, *क्योंकि हमारे लिए सहायता मौजूद है*। हम पानी के राशनिंग को रोक सकते हैं, गैस कर को रद्द कर सकते हैं, अपने स्कूलों को ठीक कर सकते हैं, और आवास को फिर से सस्ता बना सकते हैं, लेकिन यह तभी हो सकता है जब हम अपने नाकारे राजनेताओं से जवाबदेही मांगें। मैं John Cox हूं और मैं *आपका* राज्यपाल बनना चाहता हूँ।

ईमेल: info@JohnCoxforGovernor.com
JohnCoxforGovernor.com
ट्विटर: @TheRealJohnHCox

### Gavin Newsom | डेमोक्रेटिक

कोई उम्मीदवार वक्तव्य नहीं

उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर वक्तव्यों को उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराया गया था और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक वक्तव्य स्वेच्छा से जमा किया गया और इसके लिए भुगतान किया गया। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## उप राज्यपाल

- महाभियोग, मृत्यु, पद-त्याग, कार्यालय से हटाए जाने, या राज्य से अनुपस्थित होने के मामले में राज्यपाल के कार्यालय और कर्तव्यों की जिम्मेदारी संभालते हैं।
- राज्य सीनेट के अध्यक्ष के रूप में काम करते हैं और उनके पास टाई-ब्रेकिंग मत होता है।
- आर्थिक विकास आयोग की अध्यक्षता करते हैं; राज्य भूमि आयोग, और महासागर संरक्षण परिषद के सदस्य हैं; और California विश्वविद्यालय तंत्रों के बोर्डों में शामिल हैं।

### Eleni Kounalakis | डेमोक्रेटिक



मैं एक व्यवसायी, माता, और राष्ट्रपति Obama के अधीन सँयुक्त राज्य अमेरिका की पूर्व राजदूत हूँ। मैं विविधता और अवसर से संबंधित California के मूल्यों की सुरक्षा के लिए उप राज्यपाल के पद का चुनाव लड़ रही हूँ —क्योंकि ये मूल्य हमारी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करते हैं। मुझे गर्व है कि मुझे *सीनेटर Kamala Harris, सीनेटर Dianne Feinstein, संरक्षण मतदाता California लीग, राष्ट्रीय महिला संगठन और California शिक्षक संघ* से अनुमोदन प्राप्त हुआ है। एक आप्रवासी की बेटी और अपने परिवार में पहली कॉलेज स्नातक होने के नाते मैं अपने UC, CSU और सामुदायिक कॉलेजों में *ट्यूशन वृद्धि का विरोध* करके किफायती शिक्षा के लिए संघर्ष करूँगी। मैं Sacramento से लेकर हर जगह के कार्यस्थलों में *यौन उत्पीड़न की रोकथाम* के लिए राजनीतिक सँस्कृति को बदलने हेतु काम करूँगी, अपराधियों को जवाबदेही के लिए कार्य करूँगी, और यह सुनिश्चित करूँगी कि समान कार्य के लिए *महिलाओं को समान वेतन* मिले। सँयुक्त राज्य अमेरिका की राजदूत होने के नाते मैंने अपनी सेना के साथ बहुत सी यात्राएँ की हैं और मुझे पता है कि विदेशों में लोकतंत्र को बढ़ावा देने का मतलब है कि सेना-निवृत्त व्यक्तियों के घर वापिस आने पर अपने *उनकी मदद करनी चाहिए*। मैं गुणवत्ता, *किफायती बाल देखभाल* और *सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल* में विश्वास रखती हूँ। मैं राज्य भूमि आयोग की अध्यक्षता करूँगी और California के समुद्र-तट से और अधिक तेल निकालने की Donald Trump की योजना के विरुद्ध संघर्ष करूँगी। एक व्यवसायी होने के नाते मैंने प्रमुख बुनियादी संरचनागत परियोजनाएँ बनाई, California वासियों के लिए नौकरियां पैदा की, और कामकाजी परिवारों को किफायती आवास प्रदान किए। मेरा यह मानना है कि हमें एक ऐसी अर्थव्यवस्था का निर्माण करना चाहिए जो सभी California वासियों के स्तर को और ऊपर उठा सके और अमेरिकी स्वप्न की रक्षा कर सके। मैंने *सभी 58 काउंटियों की यात्राएँ की* और आपकी कहानियाँ सुनी। मैं हमेशा California वासियों की समस्याएँ सुनूंगी। मुझ पर ध्यान देने और मुझे अपना मतदान देने के लिए आपका धन्यवाद।

916 Kearny St. #605
San Francisco, CA 94133

टेलीफोन: (415) 857-0921
ईमेल: info@eleniforca.com
www.EleniforCA.com
@eleniforca

### Ed Hernandez | डेमोक्रेटिक



राज्य सीनेटर और एक लघु व्यवसायी Dr. Ed Hernandez स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच, नुस्खे की दवाइयों की लागत कम करने, कामकाजी परिवारों के लिए संघर्ष करने, हमारे पर्यावरण की रक्षा करने, और उच्चतर शिक्षा को और अधिक सुलभ और किफायती बनाने के लिए उप राज्यपाल के पद का चुनाव लड़ रहे हैं। एक पिता और दादा बन चुके Hernandez ने अपना जीवन San Gabriel घाटी में कामकाजी परिवारों के लिए ऊँची गुणवत्ता के आँखों का इलाज उपलब्ध कराके अपने समुदाय की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं के लिए काम करते हुए बिताया है। आप्रवासियों के पोते Hernandez L.A. काउंटी में एक काम-काजी समुदाय में बड़े हुए, कॉलेज में पढ़ाई के साथ-साथ काम किया, और अपनी पत्नी के साथ मिलकर एक छोटा सा सफल पारिवारिक व्यवसाय स्थापित किया। एक स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता के रूप में सीनेटर Hernandez ने स्वास्थ्य देखभाल को अधिक किफायती और सुलभ बनाने के संघर्ष का नेतृत्व किया, और दवाइयों की कीमतें कम करने के लिए नए, कड़े और पारदर्शी नियम बनाकर एक ऐतिहासिक कानून पारित किया जो नुस्खे की दवाइयों की लागतों में आकाश छूती वृद्धि के लिए बड़ी दवाई कंपनियों पर कड़ी कार्रवाई करता है। राज्य सीनेट के नेता के रूप में Hernandez ने स्वच्छ हवा और स्वच्छ पानी की उपलब्धता के संरक्षण के लिए कानून पारित करने में मदद की है, स्कूलों और करियर शिक्षा कार्यक्रम के लिए निधि बढ़ाई है, और सामुदायिक कॉलेज में एक साल के लिए नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई है। राज्य सीनेटर Ed Hernandez यौन उत्पीड़न से लोगों की सुरक्षा करने, दुर्व्यवहार करने वाले लोगों को उत्तरदायी बनाने, और अपराधियों को कार्यालय से हटाने के लिए Sacramento में चुप्पी की सँस्कृति को समाप्त करने के प्रयासों का नेतृत्व भी कर रहे हैं। Hernandez को California के शिक्षकों, अग्निशामकों, पुलिस, नर्सों, Planned Parenthood, राज्य नियंत्रक Betty Yee, और California के महान्यायवादी Xavier Becerra का समर्थन प्राप्त है, क्योंकि वे जानते हैं कि Hernandez कॉर्पोरेट के विशेष हितों के विरुद्ध परिवारों के पक्ष में खड़े होंगे। California के उप राज्यपाल के लिए सीनेटर Ed Hernandez को मत दें।

ईमेल: info@edhernandez4ca.com
www.edhernandez4ca.com

उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्यों को उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराया गया था और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक वक्तव्य स्वेच्छा से जमा किया गया और इसके लिए भुगतान किया गया। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## राज्य सचिव

- राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी के रूप में राज्यव्यापी चुनावों की देखरेख करते हैं और प्रचार और लॉबिंग संबंधी वित्तीय जानकारी के लिए सार्वजनिक पहुंच प्रदान करते हैं।
- कुछ व्यापारिक फाइलिंग बनाए रखते हैं, ट्रेडमार्कों को प्रमाणित करते हैं, सार्वजनिक नोटरी का नियमन करते हैं, और प्रतिभूत लेनदारों को उनके वित्तीय हितों की सुरक्षा के लिए सक्षम बनाते हैं।
- California की ऐतिहासिक निधियों के संग्रह, सुरक्षा और साझा करने के माध्यम से राज्य के इतिहास का संरक्षण करते हैं।

---

### Alex Padilla | डेमोक्रेटिक



मैं आपके राज्य सचिव के रूप में सेवा जारी रखने के लिए इस दौड़ में शामिल हुआ हूँ। यह समय मताधिकारों का प्रयोग करने के लिए एक महत्वपूर्ण समय है और मेरे पास परिणाम हासिल करने का एक अनुभवी रिकॉर्ड रहा है। अपने पहले कार्यकाल की अवधि में मैंने मतपत्र पेटी तक पहुंच को बढ़ाने व हमारे चुनावों की सुरक्षा की रक्षा करने के लिए काफी काम किया है, और *मेरे काम के कारण आज California लाखों योग्य मतदाताओं को अपनी सूची में जोड़ रहा है*। हमारे राज्य सचिव को California के निवासियों के प्रति जिम्मेदारी अवश्य पूरी करनी चाहिए। *Los Angeles शहर परिषद के अध्यक्ष, राज्य सीनेटर, और आपके राज्य सचिव होने के नाते मैंने यही किया है*। मैं आदर के साथ आपके मतदान की माँग करता हूँ। और अधिक जानकारी के लिए
*Alex-Padilla.com* पर जाएँ।


777 South Figueroa Street,
Suite 4050
Los Angeles, CA 90017

टेलीफोन: (213) 452-6565
ई-मेल: alex@alex-padilla.com
www.alex-padilla.com
@alexpadilla4ca


---

### Mark P. Meuser | रिपब्लिकन



*चुनाव मायने रखते हैं*। हाल ही में California के इलेक्शन इंटिग्रिटी प्रोजेक्ट ने एक मुकदमा दायर किया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि California में मतदान करने योग्य मतदाताओं की तुलना में कहीं अधिक मतदाता पंजीकृत हैं - बिल्कुल सटीक प्रतिशत 101% है। केवल *Los Angeles काउंटी में ही 144% मतदाता पंजीकृत हैं*। अतिरिक्त नामों वाली मतदाता सूची में अनावश्यक मतपत्र सामग्री भेजने के लिए करदाताओं के पैसे व्यर्थ जाते हैं। इससे धोखाधड़ी के अवसर भी बढ़ते हैं। हमें सूचियों से स्वर्गवासी हुए, स्थानान्तरण करने वाले, गैर-नागरिक, दोहरे और फर्जी लोगों के पंजीकरण को हटाने की आवश्यकता है। चुनाव California वासियों के लिए अपनी सरकार को यह बताने में सक्षम करने का महत्वपूर्ण माध्यम है कि हम कैसे प्रशासित होना चाहते हैं। निष्पक्ष चुनाव सटीक मतदाता सूचियों के साथ शुरू होते हैं, जिनमें केवल पंजीकृत लोग ही मतदान करने के योग्य हैं। *मतदाता सूची के लिए राज्य सचिव उत्तरदायी होता है*। अगर सूची में अतिरिक्त नाम हैं, तो विशेष हित पैसे और प्रभाव का उपयोग करके राजनेताओं को खरीदने और प्रभावित कर पाने में सक्षम होते हैं। हरेक दिन मैं California वासियों के ऐसे प्रत्यक्ष अनुभवों को सुनता हूँ, जहाँ उन्होंने किसी गैर-नागरिक व्यक्ति को मतदान करते हुए देखा है या जिन्हें पता लगा है कि किसी मृत संबंधी ने मतदान किया है। मैं California का वह मूल निवासी हूँ जो संवैधानिक और चुनावी कानूनों पर अमल करता हूँ। जब मुझे कहीं कोई अन्याय होते हुए दिखाई देता है, तो मैं खड़े होकर ज़रूरतमंद लोगों की मदद करता हूँ। मैंने विकलांग लोगों के अधिकारों और कॉलेज के छात्रों के बोलने की स्वतंत्रता के अधिकारों के लिए संघर्ष किया है, और विजय प्राप्त की है। अब मैं आपसे अपील करता हूँ कि आप मुझे अपना मत दें, ताकि मैं California की मतदाता सूचियों से अतिरिक्त नामों को हटाने में सक्षम हो सकूँ। मैं हमारी मतदाता सूची को साफ करने के लिए तकनीकी और डेटाबेस का उपयोग करूंगा, ताकि अनधिकृत मतदान हमारी आवाज़ को कमजोर न करें। *चुनाव मायने रखते हैं*।


2 Civic Center, #4338
San Rafael, CA 94913

टेलीफोन: (208) 763-8737
ई-मेल: contact@markmeuser.com
www.markmeuser.com
www.facebook.com/markpmeuser


---

उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर वक्तव्यों को उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराया गया था और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक वक्तव्य स्वेच्छा से जमा किया गया और इसके लिए भुगतान किया गया। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य
## नियंत्रक

- राज्य के प्रमुख वित्तीय अधिकारी होने के नाते सभी सार्वजनिक निधियों के लिए राज्य के लेखपाल और लेखाकार के तौर पर सेवा प्रदान करते हैं।
- राज्य पेरोल प्रणाली और बिना दावे वाली संपत्तियों के लिए कानूनों का प्रबंधन करते हैं, और राज्य की कार्यवाहियों का लेखा परीक्षण और समीक्षा करते हैं।
- समकारी मंडल, नियंत्रण मंडल, और अन्य मंडलों और आयोगों को सेवा प्रदान करते हैं।

### Betty T. Yee | डेमोक्रेटिक



California के स्वतंत्र वित्तीय निगरानी के राज्य नियंत्रक के रूप में सेवा करने के विशेषाधिकार और अवसर के लिए आपका धन्यवाद। मुझे अपने पहले कार्यकाल के दौरान हमारे कर डॉलरों की सुरक्षा करने के लिए अपने कार्यालय की निम्नलिखित उपलब्धियों पर गर्व है: कुशलता से राज्य की नकदी का प्रबंधन, California के बिलों का भुगतान करने के लिए कहीं बाहर से उधार न लेना; राज्य और स्थानीय एजेंसी के लेखा परीक्षण के दौरान अनुचित उपयोगों के लिए प्रदान सार्वजनिक निधियों में से लगभग $4 बिलियन को प्रकट करवाना; संवृद्ध पारदर्शिता के लिए आक्रामक रूप से राज्य और स्थानीय सरकार की वित्तीय रिपोर्टिंग में सुधार करवाना; और राज्य के कर कानूनों के समान आवेदन की सुनिश्चितता और करदाताओं के अधिकारों के संरक्षण के लिए समकारी राज्य बोर्ड को सफलतापूर्वक सुधारना। अनेक बोर्डों और आयोगों में मेरे नीतिगत कार्यों के संबंध में मेरा ध्येय सार्वजनिक न्यास भूमियों और समुद्र-तटों तक पहुँच की सुरक्षा के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के कर्मियों और पर्यावरणीय प्रबंधन के लिए सेवानिवृत्ति सुरक्षा प्रदान करने, और बंदरगाहों में वायु की गुणवत्ता और समुद्र के स्तर में वृद्धि से पड़ने वाले सामुदायिक प्रभावों पर केंद्रित है। मैं भविष्य को देखते हुए अगली आर्थिक मंदी के लिए California को तैयार करना जारी रखूँगा और परिवर्तित होती कार्य-प्रकृति और वैश्विक जलवायु परिवर्तन से California वासियों पर पड़ने वाले आर्थिक प्रभावों के लिए एक प्रमुख और मुखर आवाज़ के रूप में काम करूँगा। में California के शिक्षकों, महिला संगठनों, पर्यावरणीय समुदाय, भवन-निर्माण और निर्माण पेशे और कानून प्रवर्तन के क्षेत्र में महिलाओं और पुरुषों द्वारा दिए गए समर्थन के लिए उनका आभारी हूँ, और साथ ही उन लोगों का भी आभारी हूँ जिन्होंने मेरे 35 वर्षों के राज्य और स्थानीय वित्त संबंधी अनुभवों की आवश्यकता की महत्त्वता, निष्पक्षता के लिए मेरी प्रतिष्ठा, जवाबदेही के लिए प्रतिबद्धता, और राज्य नियंत्रक के कार्यालय में दृढ़निश्चयी अनुशासन लाने के लिए अपनी अभिस्वीकृति दी है। आपका मत पाकर मैं सम्मानित महसूस करूँगा।

16633 Ventura Blvd.,
Suite 1008
Encino, CA 91436

ईमेल: info@bettyyee.com
www.bettyyee.com
Twitter: @BettyYeeforCA

### Konstantinos Roditis | रिपब्लिकन



नियंत्रक का कार्यालय यह नहीं सोचता है कि आपने पर्याप्त कर अदा किया है। वे आपके डॉक्टर से मुलाकात, बाल देखभाल, घर और वाहन की मरम्मतों, तथा बाल कटवाने की गतिविधि पर कर लगाना चाहते हैं; चाहे कुछ भी हो वे उसपर कर लगाना चाहते हैं। इसका परिणाम है कि आप प्रतिवर्ष अगर हज़ारों में नहीं, तो सैकड़ों डॉलरों में तो अधिक कर का भुगतान करेंगे ही। सेवा और श्रम कर के लिए नहीं। हम इसे नहीं दे सकते हैं। एक नियंत्रक होने के नाते मैं California को कियाफती बनाने के लिए संघर्ष करूँगा, आपके ऊपर कर लगाने के नए तरीके की तलाश नहीं करूँगा। *प्रस्ताव 6 पर हाँ:* राजनेता अरबों डॉलर बर्बाद करते हैं और सड़कों की मरम्मतों के लिए गैस कर निधि का केवल 20% देते हैं। हम Texas की तुलना में सड़कों की मरम्मत के लिए चार गुना अधिक भुगतान करते हैं। हमारे पास पैसा है। नियंत्रक के रूप में मैं छिपे हुए भ्रष्ट राजनीतिक सौदों का खुलासा करूँगा और उन पर रोक लगाऊंगा, तथा बर्बादी, धोखाधड़ी और दुरुपयोग को समाप्त करूँगा। *उच्च-गति रेल के वित्त-पोषण को समाप्त करना:* एक नियंत्रक के रूप में मैं लेखा-परीक्षण करूँगा और एक दिन एचएसआर (HSR) के लिए वित्त पोषण को समाप्त कर दूँगा। *पर्यावरण के अनुरूप स्मार्ट नीतियाँ:* अरबों गैलन पानी बर्बाद न करें और न ही इसके भंडारण को नकारें और फिर हमारे पूरे परिवार के लिए दिन में 55-गैलन पानी देने के लिए हमारे ऊपर करारोपण करें। मैं समाधानों पर ध्यान दूँगा, न कि कर में वृद्धियों पर। चूंकि नियंत्रक California का प्रमुख वित्तीय अधिकारी (CFO) होता है, इसलिए क्या यह वाजिब नहीं है कि अर्थशास्त्र, वित्तीय जिम्मेदारियों, और बजट के संतुलन को समझने वाला एक CFO और दूरदर्शी व्यवसायी आपका अगला नियंत्रक हो? अब एक सिद्धाँतवादी, स्वतंत्र विचार वाले नियंत्रक का समय है, जिसका न तो किसी संघ या कॉपोरेट से संबंध हो, न ही कोई विशेष आर्थिक हित हों। California को किफायती बनाने के लिए मत दें। समाधानों के लिए मत दें, न कि करों में वृद्धि के लिए। नियंत्रक के पद के लिए Konstantinos Roditis को मत दें।

751 S. Weir Canyon Rd.,
Ste. 157-160
Anaheim, CA 92808

टेलीफोन: (949) 607-8294
ईमेल: roditis@cacontroller.com
cacontroller.com
facebook.com/konroditis

उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर वक्तव्यों को उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराया गया था और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक वक्तव्य स्वेच्छा से जमा किया गया और इसके लिए भुगतान किया गया। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## कोषाध्यक्ष

- राज्य के बैंकर के रूप में राज्य के निवेशों का प्रबंध करते हैं, और राज्य के बांडों और नोटों की बिक्री की व्यवस्था करते हैं।
- कई आयोगों के लिए काम करते हैं, जिनमें से अधिकतर बांड के विपणन से संबंधित हैं।
- नियंत्रक और अन्य राज्य एजेंसियों द्वारा खर्च की जाने वाली राज्य निधियों का भुगतान करते हैं।

### Greg Conlon | रिपब्लिकन



California को एक ऐसे रिपब्लिकन की आवश्यकता है जो राज्य की कमजोर वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए विवेकपूर्ण तरीके से काम कर सके। सरकारी कर्मचारियों को दी गई प्रचुर पेंशन के कारण $300 बिलियन के लगभग की देनदारियाँ लोगों के लिए गैर-जिम्मेदार पेंशन और स्वास्थ्य देखभाल के लिए पैदा हो गई हैं। California के कोषाध्यक्ष राज्य पेंशन योजना के दोनों बोर्डों—CalPERS और CalSTRS के लिए काम करते हैं। मैं नए कर्मचारियों के लिए एक नई परिभाषित योगदान योजना शुरू करने के लिए काम करके अपव्ययी पेंशन देनदारियों को संबोधित करके इन बोर्डों पर "काम पूरा करने के लिए" अपने अनुभव प्रदान करूँगा। अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक लेखा फर्म के साथ मिलकर सीपीए (CPA) के रूप में मेरे 20 सालों से भी अधिक समय का अनुभव California की निधियों को विवेकपूर्ण तरीके से निवेश करने और राज्य की निम्न क्रेडिट रेटिंग में सुधार करने के लिए आवश्यक वित्तीय ज्ञान प्रदान करेगा। मैं स्टार्ट-अप निगमों की सहायता के लिए *$800 न्यूनतम राज्य विशेषाधिकार आय कर* को समाप्त करने के लिए भी काम करूँगा। मेरे पास राज्य कोषाध्यक्ष के कार्यालय से जुड़े सार्वजनिक क्षेत्र का अनुभव है। इसमें California सार्वजनिक उपयोगिता आयोग को अपनी अध्यक्षता में चलाने और California परिवहन आयोग के लिए काम करना भी शामिल है। मैंने Atherton शहर की वित्त समिति का भी नेतृत्व किया है। मैंने Utah विश्वविद्यालय से बिजनेस के क्षेत्र में में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है, UC Berkeley के हास स्कूल ऑफ बिजनेस में कार्यकारी व्यापार प्रशिक्षण कार्यक्रम और San Francisco विश्वविद्यालय से J.D. की उपाधि प्राप्त की है। मैंने वायु सेना में एक पायलट के रूप में काम किया है। मुझे California रिपब्लिकन पार्टी और अमेरिकी कोषाध्यक्ष के पूर्व सचिव George P. Shultz. समेत कई व्यक्तियों का समर्थन प्राप्त है। मैं विनम्रतापूर्वक आपसे आपका मतदान की मांग करता हूँ और प्रतिदिन काम करने का वचन देता हूँ, ताकि हमारा महान राज्य California एक मजबूत अर्थव्यवस्था बन सके।

P.O. Box #2600
Menlo Park, CA 94026

टेलीफोन: (650) 315-4956
ईमेल: greg@gregconlon.com
www.gregconlon.com
Facebook.com/gregconlonforstatetreasurer

### Fiona Ma | डेमोक्रेटिक



कर कानून और बजट संतुलन के अपने अनुभव के साथ CPA के तौर पर मैं पहले ही दिन से राज्य के कोषाध्यक्ष पद की सेवा करने के योग्य हूँ और संपूर्ण जवाबदेही और पारदर्शिता के साथ California के निवेश का प्रबंधन करने में सक्षम हूँ। *मैं 1992 से एक प्रमाणित सार्वजनिक लेखापाल (CPA) रही हूँ, और मैंने लेखाकंन में B.S., कराधान (कर लगाने) में M.S. और वित्त में MBA किया है। मैं नियंत्रण एवं संतुलन और सार्वजनिक जवाबदेही* के पक्ष में हूँ। इसीलिए मैंने राज्य के समकारी मंडल में फिर से विश्वास स्थापित करने के लिए आमूल परिवर्तनों का नेतृत्व किया। मैंने स्थानीय स्तर पर, महामंदी के दौरान राज्य स्तर पर बजट को संतुलित किया है, और राज्य के राजस्व में $60 बिलियन के संग्रह का निरीक्षण किया है। मैं सभी California वासियों के लिए आवास को अधिक सुलभ बनाने के लिए पहली बार मकान-खरीद का एक मजबूत कार्यक्रम बनाऊंगी। मैं छात्र ऋण की ऊँची दर को कम करने के लिए काम करूँगी। मेरा जन्म एक स्वास्थ्य रोग के साथ हुआ था और मैं व्यक्तिगत रूप से यह समझती हूँ कि गुणवत्तायुक्त, पहुँच के अंदर और *किफायती स्वास्थ्य सेवा* की तत्काल ज़रूरत है। मुझे पता है कि किसी आपातकालीन स्थिति में सबसे पहले उत्तर देने वाले कर्मियों में निवेश करना कितना महत्वपूर्ण है, क्योंकि मेरे पति एक अग्निशमनकर्ता हैं। राज्य के कोषाध्यक्ष के रूप में मैं *किफायती आवास, बुनियादी ढाँचे, स्कूलों, अस्पतालों, पर्यावरण सुरक्षा और परिवहन* में निवेश का निरीक्षण करूँगी। मैं कर डॉलर की सुरक्षा करती रहूँगी, सकारात्मक परिणाम सुनिश्चित करने के लिए ईमानदारी से निवेश करूँगी और यह सुनिश्चित करूँगी कि सरकार *जवाबदेही और पारदर्शिता* के साथ काम करे। मुझे *सँयुक्त राज्य अमेरिका सीनेटर Kamala Harris, California शिक्षक संगठन, California पेशेवर अग्निशमनकर्ता और California लघु व्यापार संघ* का समर्थन मिलने पर गर्व है। आपका मतदान पाकर मैं सम्मानित महसूस करूँगी। आपके ध्यान देने के लिए धन्यवाद।

2244 Ione Street
Sacramento, CA 95864

टेलीफोन: (415) 845-5450
ईमेल: fiona@fionama.com
FionaMa.com
facebook.com/CA.FionaMa


उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्यों को उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराया गया था और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक वक्तव्य स्वेच्छा से जमा किया गया और इसके लिए भुगतान किया गया। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## महान्यायवादी

- राज्य के कानून अधिकारी के रूप में यह सुनिश्चित करते हैं कि राज्य के कानूनों का प्रवर्तन किया जाता है और धोखाधड़ी या अवैध गतिविधियों की जाँच की जाती है।
- न्याय विभाग के प्रमुख होते हैं, जोकि राज्य सरकार को कानूनी सेवाएँ प्रदान करते हैं और दीवानी एवं आपराधिक कानूनी मामलों में राज्य का प्रतिनिधित्व करते हैं।
- काउंटी जिला एटॉर्नी और शेरिफ सहित कानून प्रवर्तन एजेंसियों का निरीक्षण करते हैं।

### Steven Bailey | रिपब्लिकन



California सुपीरियर कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के रूप में मुझे पता है कि California वासियों को हिंसक अपराधों से कैसे सुरक्षित रखना है, जोकि अब हाल के वर्षों में पारित किए गए तीन खतरनाक कानूनों के कारण बढ़ रहा है - प्रस्ताव 47, 57 और AB 109। इन खतरनाक प्रयोगों ने यौन अपराधियों की जल्दी रिहाई को बढ़ावा दिया, कई अपराधों के लिए जुर्माना कम कर दिया, और न्यायाधीशों द्वारा खतरनाक अपराधियों - गिरोहों के सदस्यों और बार-बार अपराध करने वाले अपराधियों - को हमारे घरों और पड़ोसियों से दूर रखने के न्यायाधीशों द्वारा उपयोग किए जाने वाले महत्वपूर्ण घटकों को कम कर दिया या हटा दिया। महिलाएं, वयोवृद्ध नागरिक और युवा व्यक्ति, सभी लोग हिंसक अपराधों के शिकार हो रहे हैं - इसे खत्म किया जाना चाहिए। महान्यायवादी के तौर पर मेरी पहली प्राथमिकता सभी California वासियों की सुरक्षा और सही-सलामती होगी। इसीलिए अपराध पीड़ितों के वकीलों, और क्राइम विक्टिम्स यूनाइटेड ऑफ California, Los Angeles पुलिस प्रोटेक्टिव लीग, एसोसिएशन फॉर Los Angeles डेप्युटी शेरिफ्स, California पीस ऑफिसर्स एसोसिएशन, काउंटी शेरिफ्स जैसे कानून प्रवर्तन समूहों और जिला अधिवक्ताओं ने मुझे California का अगला महान्यायवादी होने के लिए समर्थन दिया है। सुपीरियर न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में मैंने अपनी आंखों से देखा है कि कैसे आपराधिक न्याय प्रणाली काम कर रही थी और अब यह हमें कैसे परास्त कर देती है। मैं यह वास्तव में जानता हूँ कि California वासियों को हिंसक अपराधों से बचाने के लिए क्या किया जाना चाहिए, जिसमें दोषी अपराधियों के हाथ हथियार न लगने देना और हरेक आस-पड़ोस में सुरक्षा की बहाली सुनिश्चित करना शामिल है। महान्यायवादी पक्षपात से ऊपर उठा हुआ होना चाहिए। यह किसी डेमोक्रेट या रिपब्लिकन के उत्तर के बारे में नहीं है - यह तो केवल एक सही उत्तर के बारे में है कि हर California वासी खुद को सड़कों पर, काम पर और अपने घर में सुरक्षित महसूस कर सके। मैं आपका मत पाकर सम्मानित महसूस करूंगा।


455 Capitol Mall, Suite 600
Sacramento, CA 95814

टेलीफोन: (916) 936-2448
ई-मेल: Judge@baileyforag.com
BaileyforAG.com
www.facebook.com/JudgeBaileyforAG


### Xavier Becerra | डेमोक्रेटिक



आपके महान्यायवादी और मुख्य कानून प्रवर्तन अधिकारी के रूप में मैं California वासियों और हमारे मूल्यों के लिए —*संघर्ष कर रहा हूँ*—और विजय प्राप्त कर रहा हूँ। मैं यौन तस्करों, NRA, बड़ी तेल कंपनियों और बड़े बैंकों और Trump प्रशासन को घेरे में ला रहा हूँ। मैं हमारी सड़कों पर फैले हिंसक गिरोहों पर मुकदमा चला रहा हूँ और हजारों की सँख्या में वहाँ से हथियारों को दूर करवा रहा हूँ। में लुटेरे लाभ-कमाने वाले कॉलेजों से लड़ाई लड़ रहा हूँ, जो हमारे छात्रों की जेबों से चोरी कर रहे हैं। हमारी वायु की गुणवत्ता को बर्बाद करने से रोकने के लिए और गर्भ नियंत्रण तक महिलाओं की पहुँच पर रोक लगाने के लिए मैंने Trump पर मुकदमा किया—*और विजय प्राप्त की*। मैंने स्वप्नदृष्टाओं—बचपन में ही अमेरिका लाए गए आप्रवासियों—की रक्षा के लिए संघर्ष किया *और विजय प्राप्त की*। और, मैं California वासियों के स्वास्थ्य देखभाल के अधिकार की सुरक्षा के लिए न्यायालय में हूँ। अपने परिवार का पहला विश्वविद्यालय स्नातक और आप्रवासियों का बेटा होने के नाते मैं ये लड़ाइयाँ California वासियों के लिए लड़ रहा हूँ, क्योंकि *सभी California वासियों को* सफल होने के लिए अवसर प्राप्त करने का अधिकार है। लॉ स्कूल के बाद मैंने मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों के लिए बचाव पक्ष के कानूनी सहायता वकील के रूप में काम किया और इसके बाद उप महान्यायवादी के तौर पर उस कार्यालय में काम किया जिसका अब मैं प्रभारी हूँ। फिर मैं सामाजिक सुरक्षा और Medicare की लड़ाई का नेतृत्व करने के लिए कांग्रेस में गया। मैं जीवनपर्यंत California के मूल्यों के लिए संघर्ष करता रहा और *कभी भी* इससे पीछे नहीं हटूँगा, चाहे वह यौन तस्कर हो, बड़ी तेल कंपनी हो, NRA, या फिर Trump प्रशासन ही क्यों न हो। मुझे गर्व है कि मुझे डेमोक्रेटिक पार्टी से राज्यपाल Brown, Sierra Club California, Planned Parenthood, California राज्य कानून प्रवर्तन संघ और California की नर्सों, शिक्षकों और अग्निशमनकर्ताओं का समर्थन मिला है। आपका वोट पाकर मैं सम्मानित महसूस करूँगा।


777 South Figueroa Street,
Suite 4050
Los Angeles, CA 90017

टेलीफोन: (213) 250-3400
ईमेल: Info@XavierBecerra.com
XavierBecerra.com
@XavierBecerra


उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्यों को उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराया गया था और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक वक्तव्य स्वेच्छा से जमा किया गया और इसके लिए भुगतान किया गया। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य
## बीमा आयुक्त

- बीमा विभाग के प्रमुख, जो California के बीमा कानूनों को लागू करते हैं और कानूनों को लागू करने में विनियमों का पालन करते हैं।
- बीमा कंपनियों को लाइसेंस देते हैं, उनका विनियमन और परीक्षण करते हैं।
- बीमा उद्योग के बारे में जनता के प्रश्नों और शिकायतों का उत्तर देते हैं।



### Ricardo Lara |डेमोक्रेटिक

प्रिय California वासियो, मैं आपके साथ अपना मूल और सरल-सा विश्वास साझा करने के लिए लिख रहा हूँ - कि जो हम लोगों में साझा है, वह हमें बांटने वाली किसी भी चीज से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। मेरी माँ एक दर्जी थी। मेरे पिता कारखाने में काम करते थे। अपने साधारण-से घर का भी बीमा करवाने में उनका अटल विश्वास था, जिसे खरीदने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की थी, और कार के लिए भी, जो उन्हें अपने काम करने की जगह पर पहुँचाती थी। जब उनकी उम्र बढ़ने लगी, तो उन्होंने जीवन बीमा कराने के लिए थोड़ा-सा और त्याग किया। उन्होंने ऐसा इसलिए किया, क्योंकि उन्हें पता था कि वे किसी दुर्घटना, आग, चोरी, गंभीर बीमारी में अपना वह सभी कुछ गंवा सकते हैं, जो उन्होंने अभी तक कमाया है। अफसोस की बात है कि बहुत सालों तक वे अपने बच्चों के लिए स्वास्थ्य बीमा को जारी न रख सके। California के एक सीनेटर के रूप में मैंने ऐसे 250,000 बच्चों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने के लिए कानून का मसौदा तैयार किया था, जिनका बीमा नहीं हुआ था - इसलिए यदि कोई बच्चा किसी गंभीर दुर्घटना में या जटिल बीमारी का सामना करता है तो उसके माता-पिता को दिवालियापन का सामना नहीं करना पड़ेगा। मेरे भीतर सुरक्षा के प्रति, जोकि लोगों की ज़रूरत भी है, एक गहरा सराहनीय भाव है। मेरा मानना है कि एक स्वस्थ, ईमानदार और प्रतिस्पर्धी बीमा बाज़ार हमें आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने के सबसे महत्वपूर्ण तरीकों में से एक है। California के बीमा आयुक्त के कामों में वास्तव में निम्नलिखित दो काम मुख्य हैं - यह देखना कि बीमा की कीमत सही लगाई गई है और जब हमें ज़रूरत पड़े, तो हमारा दावा हमें ईमानदारी से मिल जाए। मेरे पास चुनाव अभियान के लिए दूसरों की तरह बहुत ज्यादा पैसा नहीं है। इसलिए मेरे वक्तव्य को पढ़ने और मेरी उम्मीदवारी के बारे में सोचने के लिए अपना समय देने के लिए मैं आपकी सराहना करता हूँ। भवदीय, आपका, Ricardo Lara

3605 Long Beach Blvd.,
Suite 426
Long Beach, CA 90807

टेलीफोन: (562) 427-2100
ई-मेल: Ricardo@RicardoLara.com
RicardoLara.com
www.Facebook.com/Ricardo4CAIC



### Steve Poizner | निर्दलीय


मैंने 2007 से 2011 तक California बीमा आयुक्त के रूप में काम किया, और मैं आपसे सार्वजनिक सेवा के दूसरे कार्यकाल के लिए समर्थन माँग रहा हूँ। *मैं एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव क्यों लड़ रहा हूँ*: California बीमा आयुक्त एक नियामक है, जिसे बीमा कंपनियों और पक्षपातपूर्ण पार्टी राजनीति से बिल्कुल ही अलग कर देने की ज़रूरत है। आपके समर्थन से मैं California के इतिहास में राज्य-स्तर पर निर्वाचित होने वाला पहला स्वतंत्र व्यक्ति होऊंगा। यह उन लोगों को रास्ता दिखाएगा, जो पक्षपातपूर्ण चयन और भेदभाव से थक गए हैं। मैं अपने चुनाव अभियान में बीमा उद्योग से मिलने वाले किसी भी तरह के सहयोग से इनकार कर दूंगा, जैसाकि मैंने अपने पहले कार्यकाल में किया था। *मेरी पृष्ठभूमि*: California में एक निजी क्षेत्र से शुरुआत करके 35 वर्षों से अधिक अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों का सफलतापूर्वक नेतृत्व करने का मेरा सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है (जैसेकि मेरी कंपनी SnapTrack ने मोबाइल फोन में जीपीएस (GPS) का अविष्कार किया), और अब एक गैर-लाभकारी संस्था के संस्थापक के रूप में मेरा ध्यान दक्षिणी California में नवीन अर्थव्यवस्था के विस्तार पर केन्द्रित है। *अब दूसरे कार्यकाल के लिए दौड़ क्यों?* California वासियों के सामने ज़रूरी मुद्दे हैं: जैसे कि बीमित भवन-स्वामी जंगलों की आग और बाढ़ की बढ़ती संख्या की चपेट में हैं, स्वास्थ्य बीमा बाज़ारों में प्रीमियम की बढ़ोत्तरी ज़ारी है, और साइबर-अपराध का आर्थिक खतरा बढ़ रहा है। *बीमा आयुक्त के रूप में मेरा रिकॉर्ड*: हमने कम बीमा दरों में वाहन चालकों और भवन स्वामियों के लगभग $2 मिलियन की बचत की; बीमा कंपनियों की धोखाधड़ी के शिकार जंगलों की आग के पीड़ितों का $30 मिलियन निकलवाया; बजट में 13% की स्थायी कटौती (जोकि पहली और बिना काट-छाँट के है!) के द्वारा करदाताओं का $17 मिलियन बचाया; बीमा में धोखाधड़ी के लिए 2500 से भी अधिक लोगों को गिरफ्तार किया (जोकि एक रिकॉर्ड है!); और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों द्वारा अवैध रूप से पॉलिसी रद्द किए जाने के बाद हजारों निर्दोष उपभोक्ताओं के बीमे की बहाली करवाई।

ई-मेल: StevePoizner@gmail.com
www.StevePoizner.com

उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्यों को उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराया गया था और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक वक्तव्य स्वेच्छा से जमा किया गया और इसके लिए भुगतान किया गया। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# CALIFORNIA समकारी मंडल जिला

## प्रत्येक समकारी मंडल जिले के अंतर्गत आने वाले काउंटी




**जिला 1**

Alpine, Amador, Butte, Calaveras, El Dorado, Fresno, Inyo, Kern, Kings, Lassen, Los Angeles, Madera, Mariposa, Merced, Modoc, Mono, Nevada, Placer, Plumas, Sacramento, San Bernardino, San Joaquin, Shasta, Sierra, Siskiyou, Stanislaus, Sutter, Tulare, Tuolumne, Yuba

**जिला 2**

Alameda, Colusa, Contra Costa, Del Norte, Glenn, Humboldt, Lake, Marin, Mendocino, Monterey, Napa, San Benito, San Francisco, San Luis Obispo, San Mateo, Santa Barbara, Santa Clara, Santa Cruz, Solano, Sonoma, Tehama, Trinity, Yolo

**जिला 3**

Los Angeles, San Bernardino, Ventura

**जिला 4**

Imperial, Orange, Riverside, San Bernardino, San Diego

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## समकारी मंडल

राज्य के निर्वाचित कर आयोग, समकारी मंडल में सेवा प्रदान करते हैं, जो:

- विनियमित रेल मार्गों और विशिष्ट सार्वजनिक उपयोगिताओं की संपत्ति का आकलन करता है और निजी रेलरोड कार कर का आकलन और संग्रह करता है।
- राज्य के 58 काउंटी आकलनकर्ताओं के मूल्यांकन कार्यों की निगरानी करता है।
- मादक पेय कर का आकलन और संग्रह करता है, और बीमाकर्ताओं पर कर का प्रबंधन संयुक्त रूप से करता है।

### जिला 1



**Ted Gaines** | रिपब्लिकन

समकारी मंडल में आपका प्रतिनिधि होने की हैसियत से मैं सभी करदाताओं के हितों की रक्षा करने के लिए काम करूंगा, हमारी अर्थव्यवस्था को मज़बूत बनाए रखूंगा और रोज़गार के अवसर पैदा करूंगा। कड़ा परिश्रम करने वाले बहुत सारे परिवारों के लिए, California का सपना Sacramento राजनेताओं के बुरे फैसलों और गलत प्राथमिकताओं के कारण एक महंगा बुरा सपना बन चुका है। San Francisco-से-L.A बुलेट ट्रेन जैसी मूर्खतापूर्ण परियोजनाओं में अत्यधिक लागत के रूप में करोड़ों डॉलर यही प्रमाणित करते हैं कि Sacramento में कोई भी करदाताओं के बारे में नहीं सोच रहा है। मुझे Howard Jarvis करदाता एसोसिएशन ने समर्थन दिया है क्योंकि मै प्रस्ताव 13 का जोरदार तरीके से बचाव करता हूँ। मैं आपका रक्षक बनूंगा और गैस और कार के नए अपमानजनक करों को रद्द कराने के लिए लड़ाई करूंगा, जिसने मध्यमवर्गीय परिवारों की आर्थिक स्थिति को बुरी तरह से प्रभावित किया है। एक लघु पारिवारिक व्यवसाय का मालिक होने की हैसियत से मेरी पृष्ठभूमि मुझे दबंग सरकारी विनियमनों का प्रत्यक्ष अनुभव देती है। करदाताओं का एक अधिवक्ता होने की हैसियत से मैं आपके कर बिल को कम करने के लिए, नियमनों को सरल एवं कारगर बनाने के लिए और नौकरियों का विकास करने के लिए काम करता हूँ और समकारी मंडल में भी यही काम लगातार करता रहूँगा। मैं सरकारी बर्बादी समाप्त करने के लिए, बजट में कटौती करने के लिए और शुल्क के रूप में कर में बढ़ोतरी को रोकने के लिए संगठनर्ष करूंगा। मैं पांचवीं पीढ़ी का California वासी, पति और पिता हूँ। मैं चाहता हूँ कि मेरे और आपके बच्चे यहां जीवन-यापन करने, काम करने और अपने परिवार को पाल-पोस कर बड़ा करने में सक्षम हो सकें। आपका वोट प्राप्त करना मेरे लिए सम्मान की बात होगी और मैं आपके लिए, करदाता के लिए लड़ने का संकल्प लेता हूँ। और अधिक जानकारी तथा यह देखने के लिए कि करदाता समूह और समकारी मंडल के पूर्व करदाता अधिवक्ता मुझे समर्थन क्यों देते हैं, *www.tedgaines.com* पर जाएँ। धन्यवाद।

1911 Douglas Blvd.
Ste. 85-122
Roseville, CA 95661

टेलीफोन: (916) 827-6115
ई-मेल: ted@tedgaines.com
tedgaines.com



**Tom Hallinan** | डेमोक्रेटिक

समकारी मंडल अब आवश्यक नहीं है। मैं इसे बंद करने के लिए काम करूंगा। यदि आप सहमत दें, तो मैं आपके विचार की सराहना करूंगा। धन्यवाद, Tom Hallinan *www.tomhallinan.com*

P.O. Box 2145
Ceres, CA 95307

टेलीफोन: (209) 324-6205
ई-मेल: tom4boe@gmail.com
www.tomhallinan.com

उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर वक्तव्यों को उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराया गया था और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक वक्तव्य स्वेच्छा से जमा किया गया और इसके लिए भुगतान किया गया। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## समकारी मंडल

### जिला 2

### Malia Cohen | डेमोक्रेटिक



मैं लोगों के हितों को किसी भी तरह के विशेष हितों से ऊपर रखने के लिए समकारी मंडल का चुनाव लड़ रही हूँ। San Francisco पर्यवेक्षक मंडल के अध्यक्ष के रूप में मैं कर्मियों की एक निडर वकील रही हूँ, न्यूनतम पारिश्रमिक $15 बनाने का समर्थन करती रही हूँ, किफायती आवास में निवेश करती रही हूँ, प्रजनन अधिकारों के लिए लड़ती रही हूँ, और कम आय वाले परिवारों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की वकालत करती रही हूँ। मैं इस चुनाव में परिणाम प्राप्त करने के लिए आवश्यक वित्तीय अनुभव वाली एकमात्र उम्मीदवार हूँ। बजट एवं वित्त समिति के अध्यक्ष के रूप में, मैं $11 बिलियन बजट की देख-रेख करती हूँ और शहर के करों, शुल्कों, राजस्व उपायों, पुनर्विकास और अचल संपत्ति का प्रबंधन करती हूँ। यदि मैं चुनी जाती हूँ, तो मैं समकारी मंडल में *पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता* लाऊंगी, और हमारी संपत्ति कर प्रणाली के दोहन को रोकने के लिए मानकों और नियमों को पुरजोर तरीके से स्थापित करूंगी। सार्वजनिक सेवा में एक दशक से अधिक का अनुभव होने के साथ-साथ मेरे पास विशेष हितों के लिए काम करने का एक प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड है। मैंने युवाओं, अश्वेत समुदायों, और LGBTQ+ व्यक्तियों को गलत तरीके से विज्ञापित करने वाली बड़ी तंबाकू कंपनियों को पराजित करके San Francisco में सुगंधित तंबाकू उत्पादों को प्रतिबंधित करने के लिए कानून बनाने की मांग का नेतृत्व किया। इसीलिए *सँयुक्त राज्य अमेरिका सीनेटर Kamala Harris, California डेमोक्रेटिक पार्टी, California पेशेवर अग्निशमनकर्मी, California शिक्षक संगठन, California नर्सेज एसोसिएशन, AFSCME California, Equality California*, और पूरे राज्य-भर के नेताओं ने मुझे समर्थन दिया है। इस ऐतिहासिक क्षण में सुदृढ़ नेतृत्व सबसे महत्वपूर्ण है। मैं California वासियों के समक्ष मौजूद चुनौतियों का सामना करने और कर्मी परिवारों के लिए संगठनर्ष करने के लिए तैयार हूँ। *www.electmalia.com* पर और अधिक जानकारी प्राप्त करें।

2201 Broadway St., Suite M-2
Oakland, CA 94612

टेलीफोन: (415) 769-6285
ईमेल: info@electmalia.com
Electmalia.com
Facebook.com/MaliaCohen

### Mark Burns | रिपब्लिकन



यह 'अधिक कर हमारी समस्याएं हल कर देंगे' की वर्तमान स्थिति को समाप्त करने का वक्त है। सँयुक्त राज्य अमेरिका में California के करदाताओं को सबसे ज़्यादा बोझ उठाना पड़ता है। प्रस्ताव 13 और प्रस्ताव 60 एवं 90 (वरिष्ठ-नागरिकों के लिए संपत्ति कर आधार हस्तांतरण) का कट्टर और लंबे समय से समर्थक होने की हैसियत से; मैं हमारी प्रणाली को सभी के लिए न्यायोचित बनाने के लिए काम करूंगा। पिछले 32 सालों में मैंने Silicon Valley में आवासीय अचल संपत्ति व्यवसाय में काम किया है और संपत्ति करों तथा बिक्री करों को उन स्तरों तक पहुंचते हुए देखा है जो California की सरकार को आने वाले समय में अच्छी तरह से संभाल सकते हैं और इसमें अधिशेष एवं भंडार शामिल हो सकता है। इसके बजाय, हम देख रहे हैं कि अर्थपूर्ण उद्देश्यों के बिना करों को और ज़्यादा बढ़ाने की लगातार कोशिशें जारी हैं, जो केवल बढ़ाए गए खर्चों और पिछले प्रतिनिधियों और विधायकों द्वारा बेलगाम वायदों को पूरा करने के लिए पूँजी जमा करने के उद्देश्य से हैं। मैं समकारी मंडल में जवाबदेही और कुशलता को सुधारने के लिए लड़ूगा। मैंने लगभग एक दशक तक अपने समुदाय में K-8 और 9–12 स्कूल ज़िलों के लिए नागरिक निगरानी समितियों की अध्यक्षता की है। मैंने वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रस्ताव 90 की रक्षा करने के लिए अपने गृह काउंटी में (दो बार) संगठनर्ष किया। मैं प्रतिदिन संपत्ति करों और परिवारों एवं व्यक्तियों पर उनके प्रभाव का सामना करता हूँ। आवास का सामर्थ्य सभी को प्रभावित करता है और इसका एक बड़ा हिस्सा संपत्ति कर होता है। यह किसी ऐसे व्यक्ति को चुनने का वक्त है जो समस्याओं को समझे और उस बोझ को कम करने के सभी प्रयत्न करे जिसका हम सभी California वासी सामना करते हैं। और अधिक जानकारी के लिए कृपया *www.burnsforboe2018.com* पर जाएं।

1601 So. De Anza Blvd.,
Suite 150
Cupertino, CA 95014

टेलीफोन: (408) 777-9997
ई-मेल: mark@markburns.com
www.burnsforBOE2018.com

उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर वक्तव्यों को उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराया गया था और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक वक्तव्य स्वेच्छा से जमा किया गया और इसके लिए भुगतान किया गया। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

## जिला 3

### Tony Vazquez | डेमोक्रेटिक

उम्मीदवार का कोई वक्तव्य नहीं।

### G. Rick Marshall | रिपब्लिकन



मैं California करदाता एक्शन नेटवर्क का CFO हूँ। सार्वजनिक खर्च में बर्बादी और भ्रष्टाचार उजागर करने के हमारे प्रयासों से करदाताओं के अनगिनत डॉलर बच गए। राज्य समकारी मंडल (BOE) में चुने जाने पर, मैं अपने करदाताओं के डॉलरों को समान बर्बादी और भ्रष्टाचार से बचाने के लिए परिश्रम के साथ काम करूंगा। मैं एक पति, पिता, और योजना आयुक्त हूँ। सबसे अहम बात यह है कि आपकी ही तरह मैं भी एक करदाता हूँ। हमारे BOE की सत्यनिष्ठा की रक्षा सर्वोपरि है। BOE सदस्य के रूप में मेरी सेवा का आधार "सार्वजनिक सेवा" होगा, "स्वयं की सेवा" नहीं। मांसपेशीय दुर्विकास के लिए धन संग्रह करने, क्रिसमस पर कैदियों के बच्चों को उपहार देने और जूनियर एचीवेमेंट के माध्यम से युवकों और युवतियों को परामर्श देने के समय इसने मेरा मार्गदर्शन किया। स्थानीय सरकारी सेवा के मेरे पूरे सेवाकाल में पहले जल आयुक्त और फिर योजना आयुक्त के रूप में मेरे विरुद्ध *कभी भी* विभिन्न राज्य और/या संघीय जांच नहीं हुई। मेरी *कभी भी* कोई आपराधिक जांच नहीं की गई। *ईमानदारी। सत्यनिष्ठा। पारदर्शिता। सार्वजनिक सेवा।* Rick Marshall आपसे ये वादे करता है। मैं गैस कर हटाए जाने के पक्ष में हूँ और स्टॉर्म वॉटर पार्सल कर के विरुद्ध हूँ। मैं प्रस्ताव 13 की सुरक्षा और बचाव करूंगा। इसी वजह से Howard Jarvis करदाता संगठन PAC ने मुझे अपना समर्थन दिया है। राजनीतिक वर्ग ने आपको असफल किया है। यदि आप हर समय की तरह राजनीति और आपके कर डॉलरों को बर्बाद करने वाली सरकार से तंग आ चुके हैं—जोकि बहुत ज्यादा कर लगा रही है, जबकि समस्या का समाधान बहुत कम कर रही है—तो राज्य समकारी मंडल के लिए G. Rick Marshall को मत दें। क्या मुझे आपका मत मिलेगा?


2390 Crenshaw Boulevard,
#409
Torrance, CA 90501

टेलीफोन: (310) 346-7425
ईमेल: rick@grickmarshall.com
grickmarshall.com
www.facebook.com/grickmarshall


उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर वक्तव्यों को उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराया गया था और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक वक्तव्य स्वेच्छा से जमा किया गया और इसके लिए भुगतान किया गया। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## समकारी मंडल

### जिला 4



## Mike Schaefer | डेमोक्रेटिक

*Mike Schaefer* से मिलें, ये सबसे ज़्यादा शिक्षित, सबसे ज़्यादा अनुभवी, UC Berkeley में शिक्षा प्राप्त, शहर, काउंटी और फ़ेडरल सरकार के Notre Dame, यूएससी (USC), San Diego State और Georgetown कानूनी अधिकारी, प्रासीक्यूटर, पार्षद से एसईसी (SEC) और California सिक्योरिटीज़ के जांचकर्ता, सार्वजनिक स्वास्थ्य बोर्ड के सदस्य, समकारी मंडलों के समक्ष अत्यधिक अचल संपत्ति मूल्यांकनों के लिए अनुभवी, सफल, चुनौती देने वाले एक व्यक्ति हैं। पुलिस अधिकारी संगठन, काउंटी शेरिफ्स द्वारा पिछले चुनावों में समर्थित। *Howard Jarvis करदाता संगठन* को समर्थन देते हैं और हमारे करों में अनुचित बढ़ोतरी से हम सभी की रक्षा करते हैं। ये San Diego के मूल निवासी तथा एक प्रतिस्पर्धात्मक मुख्य व्यवसायी हैं, जो जानते हैं कि हमें इस बात की निगरानी करनी चाहिए कि सरकार सभी स्तरों पर मकान मालिक और लघु व्यवसायी का आदर करे। नागरिक समूहों के प्रसिद्ध वक्ता हैं। सक्रिय कैथोलिक नेता हैं। Coachella संगीत समारोह (Beatle और Rolling Stones का मेल) का प्रबंधन करने वाला सफल पुत्र Derek। Mike ने Dr. Seuss से Dr. Salk, राज्यपाल Brown और Brown से Reagan तक के सभी नेताओं के साथ काम किया; कलाकार Bob Hope से लेकर मुक्केबाजी आइकन Archie Moore, LL Cool J के साथ काम किया, सहपाठी Frank Zappa, Debbie Reynolds. ये पूरे राष्ट्र-भर में चुनाव कानून में निष्पक्षता के लिए मान्यता-प्राप्त हैं, सभी California मतपत्रों में उम्मीदवारों के नामों की बेतरतीब गैर वर्णक्रमानुसारी सूचीकरण के लिए उत्तरदायी हैं और एक समान राजनीतिक खेल के मैदान की मांग करते हैं। समर्थक, San Diego पशु रक्षा मिशन।

4494 Mentone St. #12
San Diego, CA 92107

टेलिफोन: (213) 479-6006
ई-मेल: oz.blueman@yahoo.com
equalization4.org



## Joel Anderson | रिपब्लिकन

*और अधिक जानकारी के लिए taxpayersforanderson.com* पर जाएं। 1978 में, Howard Jarvis ने प्रस्ताव 13 *लिखा* और इसके पारित होने के बाद उन्होंने कर लगाने की अपमानजनक नीतियों से Prop 13 और करदाताओं की रक्षा के लिए Howard Jarvis करदाता संगठन की स्थापना की। (hjta.org) *Joel Anderson* को California के प्रस्ताव 13 के अग्रणी रक्षक, Howard Jarvis करदाता एसोसिएशन का समर्थन प्राप्त है। Anderson प्रस्ताव 13 में निहित हमारे अधिकारों की रक्षा करना जारी रखेंगे और कर वृद्धि के विरुद्ध काम कर रहे परिवारों के साथ जुड़ेंगे, क्योंकि हर व्यक्ति को अपने साथ निष्पक्ष व्यवहार किए जाने का अधिकार है। Howard Jarvis करदाता संगठन के अध्यक्ष उन्हें *"करदाताओं के लिए रॉक स्टार"* कहते थे और उन्हें समूह का सर्वोच्च विधायी दर्जा दिया गया था। *उन्होंने गैस कर* में वृद्धि के विरोध का नेतृत्व किया क्योंकि विशेष ब्याज देने के लिए वित्त-पोषण के विरुद्ध जनता के साथ खड़ा होने के लिए ऐसा करना सही था। *California करदाता संगठन*, *स्वतंत्र व्यवसाय के राष्ट्रीय संगठन*, और *California चैंबर ऑफ कॉमर्स* ने नौकरियों और अर्थव्यवस्था की वृद्धि में सहायता करने वाले उनके काम के लिए उन्हें सर्वोच्च रेटिंग से सम्मानित किया था। उन्हें California लघु व्यवसाय संगठन और California लघु व्यवसाय राउंडटेबल ने लघु व्यवसाय को बढ़ावा देने और करियर के अवसर पैदा करने में नेतृत्व प्रदान करने के लिए *"California स्टेट सीनेट लेजिस्लेटर ऑफ द इयर" की उपाधि प्रदान की थी। भूतपूर्व सैनिकों के लाभों की रक्षा करने और उन्हें अनुचित करों से बचाने के लिए* उन्होंने*अमेरिकी सेवानिवृत्त सैनिकों, अमेरिकी सेना*, *California राज्य कमांडर सेवानिवृत्त परिषद*,*California विदेशी युद्ध विभाग के सेवानिवृत्त सैनिक*, *अमेरिका के वियतनाम सेवानिवृत्त सैनिक*, और *अमेरिका के सैन्य अधिकारी संगठन* California काउंसिल ऑफ चैप्टर्स की ओर से छह प्रतिष्ठित "लेजिस्लेटर" पुरस्कार मिले थे। उन्होंने Pomona प्रथम संघीय बचत और ऋण संगठन के लिए पूर्णकालिक रियल एस्टेट मूल्यांकनकर्ता के रूप में काम करते हुए California राज्य पॉलिटेक्निक विश्वविद्यालय, Pomona First Federal Savings and Loan Association—इस व्यवसाय में दशकों का अनुभव और करदाताओं की रक्षा करने के सार्वजनिक रिकॉर्ड के साथ समकारी मंडल के लिए सबसे योग्य उम्मीदवार।

टेलीफोन: (619) 204-2200
ई-मेल: ande434@cox.net
taxpayersforanderson.com

उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर वक्तव्यों को उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराया गया था और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक वक्तव्य स्वेच्छा से जमा किया गया और इसके लिए भुगतान किया गया। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## सार्वजनिक निर्देश अधीक्षक (गैर-पक्षपाती कार्यालय)

- राज्य के सार्वजनिक स्कूलों के प्रमुख के तौर पर स्थानीय स्कूली डिस्ट्रिक्टों को शिक्षा नीति संबंधी दिशा-निर्देश देते हैं, और अकादमिक प्रदर्शन में सुधार के लिए शैक्षिक समुदाय के साथ काम करते हैं।
- शिक्षा विभाग की अध्यक्षता करते हैं और राज्य शिक्षा मंडल द्वारा निर्धारित की गई नीतियों को कार्यान्वित करते हैं।
- राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था के प्रशासी मंडल के पदेन सदस्य के तौर पर सेवा प्रदान करते हैं।

### Tony K. Thurmond



मैं राज्य के सार्वजनिक निर्देश अधीक्षक के पद के लिए लड़ रहा हूँ क्योंकि मेरा मानना है कि उच्च गुणवत्ता वाले सार्वजनिक स्कूल California के भविष्य की कुंजी हैं। शिक्षा ने मेरे जीवन की रक्षा की, मुझे विनम्र शुरुआत से आगे बढ़ने में समर्थ दिया। मेरी माँ ने अकेले मुझे पाल-पोस कर बढ़ा किया था, जो शिक्षक बनने के लिए Panama से यहाँ आई थीं। जब मैं सिर्फ 6 साल का था, तो वह कैंसर से अपनी लड़ाई हार चुकी थीं - इसलिए मैं यह सोचते हुए बड़ा हो रहा था कि मैं कॉलेज नहीं जा पाऊंगा। लेकिन मददगार शिक्षकों और एक मजबूत सार्वजनिक शिक्षा-व्यवस्था के कारण ही मैं अपने विश्वविद्यालय में छात्र निकाय का अध्यक्ष बन पाया, और दो मास्टर डिग्रियां हासिल कर सका। युवाओं और परिवारों के लिए एक आजीवन वकील के रूप में मैंने स्कूलों में 12 साल काम किया, और स्कूल के कार्यक्रमों के बाद मैंने अपना कैरियर शुरू किया और संकट-ग्रस्त युवाओं को परामर्श दिया। पश्चिम Contra Costa एकीकृत स्कूली डिस्ट्रिक्ट मंडल, Richmond सिटी काउंसिल, और अब California राज्य विधानसभा को सेवा प्रदान करने पर मुझे बहुत गर्व है। अधीक्षक के तौर पर मैं यह सुनिश्चित करने के लिए काम करूंगा कि California के सभी बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाले स्कूल उनके निकट उपलब्ध हों। इन सब कार्यों को पूरा करने के लिए मैं निम्नलिखित पहलुओं पर काम करूंगा : 1) हमारी तेज गति की 21वीं शताब्दी वाली अर्थव्यवस्था में नौकरियों के लिए छात्रों को तैयार करने के लिए *हमारे पाठ्यक्रम का आधुनिकीकरण* करना—2) *व्यावसायिक नौकरी प्रशिक्षण* शिक्षा में सुधार करना, खासकर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कलाओं, और गणित पर ज़ोर देना—3) पारिश्रमिक बढ़ाकर पेशेवर विकास की पेशकश करके और शिक्षकों को किफायती आवास प्रदान करके *अपने शिक्षकों में निवेश* करना, ताकि वे वहां रह सकें जहां वे पढ़ाते हैं—4) *आलोचनात्मक विवेक पैदा करना*, न कि केवल उत्तीर्ण होने के लिए पढ़ाना, और—5) *Betsy DeVos के शिक्षा-विरोधी एजेंडा को रोकने के लिए लड़ना*, ताकि California के बच्चों को उसके बुरे प्रभावों से बचाया जा सके। मुझे *सँयुक्त राज्य अमेरिका की सीनेटर Kamala Harris, California डेमोक्रेटिक पार्टी, वर्तमान अधीक्षक Tom Torlakson, California के संबंद्ध Planned Parenthood के सहयोगी, Sierra Club, Equality California, Los Angeles Times, Sacramento Bee, शिक्षकों, नर्सों, अग्निशमनकर्ताओं*, और अन्य भी बहुत-से लोगों *का समर्थन मिला है।*

P.O. Box 2145<br>
Richmond, CA 94802

टेलीफोन: (510) 859-3241<br>
ईमेल: tony@tonythurmond.com<br>
TonyThurmond.com<br>
facebook.com/Tony.Thurmond

### Marshall Tuck



एक सार्वजनिक स्कूल के शिक्षक के पुत्र, यानि सार्वजनिक स्कूलों से ही पढ़ा हुआ, और एक सार्वजनिक स्कूल के अभिभावक के रूप में, मैं दृढ़ता से सार्वजनिक स्कूलों की शक्ति में विश्वास करता हूँ। परंतु *सभी* विद्यार्थियों को उनके योग्य शिक्षा देने के लिए *California के सार्वजनिक स्कूलों में बड़े परिवर्तन किए जाने की ज़रूरत है।* मैं राज्य अधीक्षक के पद पर इसलिए खड़ा हुआ हूँ, क्योंकि मैंने सार्वजनिक स्कूल व्यवस्था का नेतृत्व किया है और इस दौरान बच्चों के हितों में वास्तविक नतीजे प्रदान किए गए हैं। अध्यापकों और माता-पिता के साथ मिलकर काम करते हुए, हमने कक्षाओं पर अधिक निधि लगाई, अधिकारी-तंत्र को कम किया, और कॉलेज एवं कैरियर के लिए और अधिक विद्यार्थियों को तैयार किया। मैंने निम्न आय-वर्ग वाले मोहल्लों में 10 नए सार्वजनिक हाई स्कूलों के निर्माण में सहायता की—और उनमें से 8 स्कूलों को *U.S. News & World Report* अमेरिका में सर्वोत्तम हाई स्कूलों का दर्जा दिया गया। जब मैंने Los Angeles में मुश्किल से चल रहे सार्वजनिक स्कूलों का कायापलट करने के प्रयास का नेतृत्व किया, तो हमने *ग्रेजुएशन की दरों को 60% से भी अधिक बढ़ा दिया, और California में किसी भी बड़ी स्कूल व्यवस्था में सबसे बड़ा अकादमिक सुधार किया।* हमारा "पेरेंट कॉलेज" माता-पिता को उनके बच्चों की शिक्षा में और ज़्यादा शामिल करने के लिए एक राज्य-व्यापी मॉडल बन गया। राज्य अधीक्षक के तौर पर मैं Sacramento *और* Washington, DC में राजनेताओं का डटकर सामना कर सकूँगा और वह कर सकूँगा जो विद्यार्थियों के लिए सर्वश्रेष्ठ हो। मेरी प्राथमिकताएँ होंगी: (1) स्थानीय कक्षाओं के लिए अधिक वित्तीय सहायता लाना और नौकरशाही व बर्बादी को कम करना; (2) अधिक शैक्षिक निर्णयों के लिए अध्यापकों एवं माता-पिता को समर्थ बनाना; (3) यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी विद्यार्थी 21वीं सदी में सफल होने के लिए तैयार हों, कैरियर प्रशिक्षण और कॉलेज की तैयारी का विस्तार करना। *MarshallTuck.com*. पर मेरी संपूर्ण योजना पढ़ें। आइए California में *सभी* बच्चों को सार्वजनिक स्कूल प्रदान करें, जिसका उन्हें अधिकार है।

20 Galli Drive, Suite A<br>
Novato, CA 94949

टेलीफोन: (657) 229-3579<br>
ईमेल: marshalltuck@marshalltuck.com<br>
www.MarshallTuck.com<br>
www.facebook.com/TuckforCalifornia/

उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर वक्तव्यों को उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराया गया था और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक वक्तव्य स्वेच्छा से जमा किया गया और इसके लिए भुगतान किया गया। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।